प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 12.03.2025

- **महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने में कानपुर देहात पुलिस की कड़ी कार्यवाही।**
- **थाना अमराहट पुलिस टीम द्वारा महिला सम्बन्धी अपराध में वांछित 01 नफर नामजद अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **थाना अमराहट पर पंजीकृत मु0अ0सं0 04/2025 धारा 65(1)/137(2)/87 बीएनएस व 3/4(2) पॉक्सो एक्ट में वांछित था अभियुक्त।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेंज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 28.02.2025 को वादी द्वारा दी गयी लिखित तहरीर के आधार पर थाना अमराहट पर मु0अ0सं0 04/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस बनाम नामजद अभियुक्त दीपक राजपूत पुत्र शिवनाथ निवासी ग्राम करियापुर थाना अमराहट जनपद कानपुर देहात के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में साक्ष्यों के आधार मुकदमा उपरोक्त में धारा 65(1) बीएनएस व 3/4(2) पॉक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी। मुकदमा उपरोक्त में थाना अमराहट पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 12.03.2025 को मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त मे वांछित अभियुक्त दीपक राजपूत पुत्र शिवनाथ निवासी ग्राम करियापुर थाना अमराहट जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 19 वर्ष को समय करीब 09:55 बजे अमराहट डेरा रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. दीपक राजपूत पुत्र शिवनाथ नि0 ग्राम करियापुर थाना अमराहट जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 19 वर्ष।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 04/2025 धारा 65(1) /137(2)/87/ बीएनएस व 3/4(2) पॉक्सो एक्ट थाना अमराहट जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली थाना अमराहट पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र सिंह,

2.हे0कां0 608 राजीव कुमार,

3.हे0का0 101 दिनेश कुमार।